Email: directoracad.cbse@nic.in
Webite: www.cbseacademic.in
Tel: 011-23212603
Tele Fax: 011-23234324

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.

**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*

**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

**के.मा.शि.बो./नि. (शै.अ.प्र.न.)/2014** **दिनांक: 21 अगस्त, 2014**

**परिपत्र संख्या-अका. 26/2014**

**के.मा.शि.बो. से संबद्धता प्राप्त**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय जीवन कौशल, मूल्य, जेन्डर, स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण शिखर सम्मेलन दिसम्बर, 2014**
**अखिल भारत में विद्यालय आधारित गतिविधियाँ (सितम्बर-नवम्बर 2014)**

**प्रिय प्रधानाचार्य,**

द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय जीवन कौशल, मूल्य, जेंडर, स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण सम्मेलन 2013 के दौरान देश के और मध्य पूर्व में के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध विद्यालयों ने उत्साहवर्धक संभागिता की। के.मा.शि.बो अब एक्सप्रेशन इंण्डिया के सहयोग से बोर्ड के सभी संबद्ध विद्यालयों के लिए तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा करने में गर्व की अनुभूति करता है।

विद्यार्थियों के भावात्मक क्षेत्र को सशक्त करने से संबंधित शिक्षा सुधारों के उपरांत बोर्ड जीवन कौशल, मूल्यपरक शिक्षा, जेंडर संवेदीकरण को पाठ्यचर्या के अभिन्न अंग के रूप में प्रतिस्थापित कर चुका है, ताकि विद्यार्थियों में आत्म विश्वास और पर्यावरण संवेदनशीलता की भावना का विकास हो एवं जीवन प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य, कल्याण एवं जेन्डर के प्रति सही उपागम का विकास हो।

संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन देश भर में तथा मध्य पूर्व के 14 क्षेत्रीय केन्द्रों में सितम्बर-नवम्बर 2014 के दौरान किया जाएगा, जिसका विवरण अनुसंलग्नक-1 में उपलब्ध है। विद्यालयों से अनुरोध है कि वे 4 विद्यार्थियों व 1 अध्यापक/विद्यालय कांउसलर (अधिकतम पांच प्रतिनिधियों) **का पंजीकरण 20 सितम्बर 2014** तक या उससे पहले कर दें। डाउनलोड किऐ हुए और सम्पूर्ण विवरण से पूर्ण पंजीकृत प्रपत्र को 'एक्सप्रेशन इंडिया' के नाम से नई दिल्ली पर देय, ड्राफ्ट के साथ जमा कर दें। किसी भी तरह की जानकारी के लिए आप एक्सप्रेशन इंडिया को संपर्क नम्बर: 011-6470017, 64594939, 9999490895, 8860159747, 999564366, एवं पर ईमेल cbselifeskills.summit@gmail.com पर अथवा डिप्टी डायरेक्टर (परीक्षा एवं सुधार) के.मा.शि.बो. को फोन नम्बर 011-23237779, 23212603। पर संपर्क कर सकते हैं।

भवदीया

**हस्ताक्षरित/-**
**डॉ. साधना पाराशर**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**संलग्नक-1**

**तृतीय अंतर्राष्ट्रीय जीवन कौशल, मूल्य, जेंडर, स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण सम्मेलन-2014**

**छात्र सम्मेलन के बारे में**

बोर्ड राष्ट्रीय एवं वैश्विक दृष्टिकोण के परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य एवं कल्याण, जीवन कौशल, जेंडर संवेदनशीलता और मूल्य शिक्षा के विषय में जागरूकता बढ़ाने के महत्व को पहचानता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न मुद्दों जैसे पर्यावरण, स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति शिक्षार्थी में आत्म सम्मान, संवेदनशीलता एवं जागरूकता की भावना को विकसित करना है। साथ ही यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 1983, में उद्धृत आदर्शों को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

**सम्मेलन के उद्देश्य इस प्रकार से हैं**

- राष्ट्रीय, वैश्विक परिप्रेक्ष्य एवं शोध के संदर्भ में स्कूल स्वास्थ्य, जीवन कौशल और मूल्य शिक्षा की अवधारणा, आवश्यकताओं एवं रूझान को समझना तथा पुनरीक्षण करना।
- सह-शैक्षिक कॉशलों के विकास के सतत् मूल्यांकन व आकलन के लिए अच्छी प्रथाओं पर केन्द्रीकरण करना।
- शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न समकालीन लैंगिक मुद्दों पर क्षमता निर्माण एवं संवेदनशीलता बनाने पर विशेष ध्यान देने के साथ व्यापक स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा पाठ्यचर्या और जीवन कौशल प्रोग्रामिंग में स्कूल सुरक्षा, स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के एकीकरण को सुनिश्चित करना।
- जेंडर संवेदनशीलता पर विशेष बल के साथ समकक्षी शिक्षकों और छात्रों की भूमिका को बढ़ावा देते हुए मूल्यपरक शिक्षा के प्रसार को सुसाध्य करना। जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, जिन्हें अभिभावक एवं परिवारों को अपने बच्चों के स्वास्थ्य व कल्याण में सक्रिय प्रतिभागी के रूप में अभिकल्पित किया गया है।
- एकीकृत सामुदायिक भागीदारी से संकलित गतिविधियों को सशक्त करते हुए
- प्राथमिक से XII तक की कक्षाओं के लिए एक क्रमित स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल शिक्षा पाठ्यचर्या को प्रतिपादित करना जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सेंसरी-मोटर कौशल के बारे में जानकारी प्राप्त हो और वे सकारात्मक अनुकूली व्यवहार को ग्रहण करें।

क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के 14 केन्द्र निम्न हैं:

1. दिल्ली पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार
2. कैनेडी हाई स्कूल, हैदराबाद, तेलंगाना
3. एपीजे स्कूल साल्ट लेक, कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल
4. चॉइस स्कूल, कोचीन, केरल
5. पी.एस. सीनियर स्कूल, चेन्नई, तमिलनाडु
6. सुबोध पब्लिक स्कूल, जयपुर, राजस्थान
7. दिल्ली पब्लिक स्कूल, पूने, महाराष्ट्र
8. लोकमान्य विद्या निकेतन, इन्दौर, मध्य प्रदेश
9. रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
10. जेम्स एन.पी.एस. इन्टरनेशनल स्कूल, गुवाहाटी, असम
11. डी.ए.वी. स्कूल, सैक्टर 14, गुडगांव, हरियाणा
12. दिल्ली पब्लिक स्कूल, लुधियाना, पंजाब
13. राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, प्रगति मैदान, नई दिल्ली
14. दुबई, यू.ए.ई.

**सामान्य निर्देश:**

- क्षेत्रीय सम्मेलन सितम्बर से नवम्बर 2014 के दौरान किसी भी समय में उपरोक्त केन्द्रों पर हो सकते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह में नई दिल्ली में होगा।
- एक स्कूल की पंजीकृत टीम क्षेत्रीय स्तर के सम्मेलन में 2 दिन तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में 3 दिन तक भाग ले सकती है।
- पंजीकरण राशि 4 विद्यार्थियों + 1 अध्यापक/शिक्षक काउन्सलर (अधिकतम 5 सदस्य) के लिए INR 20,000/- निर्धारित की गई है। पंजीकरण 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।
- पंजीकरण राशि में प्रत्येक स्कूल के लिए एक सम्मेलन किट होगा जिसमें शैक्षणिक सामग्री, 'Indian Journal of School Health and Well-Being' की प्रति, समकक्षी शिक्षक बैज, प्रतिभागिता प्रमाण पत्र, सम्मेलन स्मृति चिह, विद्यालय के लिए प्रशास्ति पत्र और सम्मलेन स्थल पर दोपहर का भोजन सम्मिलित है।
- क्षेत्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता के लिए इच्छुक विद्यालय अपने पास के केन्द्र चुनें एवं **पंजीकरण प्रपत्र भर कर 20 सितम्बर, 2014 से पहले जमा करा दें।**
- अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में भाग लेने वाले विद्यालय अपनी प्रतिभागिता की पुष्टि सितम्बर, 2014 से पहले कर दें।
- पंजीकरण राशि का भुगतान एक्सप्रेशन इण्डिया के पक्ष में नई दिल्ली को देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा जिसे पंजीकृत फॉर्म के साथ कोरियर/रजिस्टर्ट डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज दें:

**एक्सप्रेशन इण्डिया**
**हाऊस नम्बर 30 पाकेट-1 जसोला विहार**
**ऐशिया पेसिफिक इन्सटीट्यट**
**मेनेजमेन्ट के पीछे नई दिल्ली-110002**

**संलग्न**

1. **पंजीकरण फॉर्म**
2. **सम्मेलन 2014 का पोस्टर (विद्यालय के डिस्पले बोर्ड तथा प्रतिभागी दल के लिए)**